कार्यालय–प्राचार्य, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशिलय स्कूल
कालसी, देहरादून, उत्तराखण्ड

मो0नं0–01360–299603/04 ई–मेल–eklavyaadarsh@yahoo.in वेबसाइट–www.emrskalsi.com

पत्रांक– सी–556 / ई0एम0आर0एस0 / लेट्रल एंट्री / 2025–26 दिनांक–23.03.2026

लेट्रल एंट्री प्रवेश परीक्षा (शैक्षिक सत्र–2026–27)

राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चकराता, देहरादून में सत्र 2026–27 के लिए विद्यालय में कक्षा–07वीं, 08वीं व 09वीं में रिक्त सीटों पर लेट्रल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किय जाते है। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, कालसी, देहरादून में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में वर्तमान सत्र 2025–26 में कक्षा–06, कक्षा–07 व कक्षा–08 में अध्ययनरत **उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति (ST)** के छात्र–छात्राओं के प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विद्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है या विद्यालय की वेबसाइट–www.emrskalsi.com से भी डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भर कर जमा किये जा सकते हैं। **विद्यालयों में रिक्त सीटों का विवरणः–**

वर्ग/श्रेणी	कक्षावार विवरण		
	कक्षा–7	कक्षा–8	कक्षा–9
अनुसूचित जनजाति (ST)	01 बालक	01 बालक	01 बालक
	01 बालिका	शून्य	शून्य

उक्त रिक्त सीटों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है। प्रवेश हेतु सम्पूर्ण जानकारी विद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है। **विद्यालय से आवेदन–पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि–30.03.2026 (सोमवार)** है, तथा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्वयं विद्यालय में जा कर भी दिनांक–**04.04.2026 (शनिवार)** को अपराह्न 03.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। लिफाफे के बाहर **"एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, जोगला, पो0ओ0 कालसी गेट, कालसी, देहरादून में लेटरल एंट्री प्रवेश–2026–27 हेतु आवेदन पत्र"** अवश्य लिखा जाय।

प्राचार्य
एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल,
कालसी, देहरादून।